Series SHC/1

Code No. कोड नं. 210/1

Roll No. रोल नं. | | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में कोड नं. अवश्य लिखे।

- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **18** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

LENDING OPERATIONS

(Theory) Paper II

उधार प्रचालन

(सैद्धान्तिक) प्रश्न-पत्र II

Time allowed : 3 hours] *[Maximum Marks: 60*

निर्धारित समय : 3 घण्टे] *[अधिकतम अंक : 60*

General Instructions :

(1) ***All*** *questions are compulsory.*

(2) Marks allotted to questions are indicated against each of them.

(3) Questions ***1, 4*** *and* ***5*** *are long answer type questions. Their answers should normally not exceed* ***150*** *words each.*

(4) Questions ***2, 3, 6, 7, 8*** *and* ***9*** *are short answer type questions. Their answers should normally not exceed* ***70*** *words each.*

(5) *Remaining questions are very short answer type questions. Their answer should normally not exceed **30** words each.*

(6) *Be brief and precise in your answers.*

सामान्य निर्देश :

(1) ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(2) *प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं।*

(3) *प्रश्न **1, 4,** एवं **5** बड़े उत्तर वाले प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(4) *प्रश्न **2, 3, 6, 7, 8** एवं **9** छोटे उत्तर वाले प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(5) *शेष प्रश्न बहुत छोटे उत्तर वाले प्रश्न हैं। उनमें से प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **30** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

(6) *आपके उत्तर संक्षिप्त व सुनिश्चित होने चाहिए।*

1. Define an Overdraft and Cash Credit. Why is an overdraft preferred by the depositor ? 6

Or

Define Guarantee. How does it differ from Indemnity ?

अधिविकर्ष एवं नकद साख को परिभाषित कीजिए। जमाकर्त्ता अधिविकर्ष को क्यों प्राथमिकता देता है ?

अथवा

प्रत्याभूति (गारंटी) को परिभाषित कीजिए। क्षतिपूर्ति से यह किस प्रकार भिन्न है ?

2. What is Discounting of Bill ? Is it advantageous to discbunt the bill before maturity ? 1+3=4

बट्टे पर बिल को भुनाना क्या है ? परिपक्वता-पूर्व बिल को भुनाना क्या लाभदायक है ?

3. Define Fixed Deposit. Can you get 75% loan against it from the Bank ? What interest rate will the bank charge ? 1+2+1=4

सावधि जमा को परिभाषित कीजिए। क्या आप इसके बदले 75% ऋण बैंक से प्राप्त कर सकते हैं ? बैंक किस दर का ब्याज लेगा ?

4. Against a factory worth two crores a loan is demanded. What precautions the banker will take in sanctioning the loan ? 6

एक दो करोड़ मूल्यांकन की फैक्ट्री के बदले ऋण की मांग की जा रही है। ऋण स्वीकृत करने में बैंकर कौन-कौन सी सावधानियां बरतेगा ?

5. Give functions of Deposit Insurance and Credit Guarantee Corporation of India. 5

डिपोजिट इंश्योरेन्स एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया के कार्य बताइए।

6. A student applies a loan for purchase of a motorcycle. What type of securities will you ask for ? 4

एक विद्यार्थी मोटर साइकिल खरीदने के लिए ऋण की प्रार्थना करता है। उससे किस प्रकार की प्रतिभूति आप मांगेगे ?

7. There is a Railway Receipt of Rs. 50,000. Against this would you like to sanction a loan of Rs. 45,000 ? Give two reasons. 4

एक पचास हजार रुपयों की रेलवे रसीद है। इसके बदले क्या आप पैंतालिस हजार रुपए का ऋण स्वीकृत कर देंगे ? दो कारण बताइए।

8. Differentiate between a Government Warehousing Receipt and a Private Owner's Godown Receipt. 4

एक सरकारी गोदाम रसीद और एक निजी मालिक के गोदाम की रसीद में अन्तर बताइए।

9. Differentiate between a Demand Draft and an Order Cheque. 4

एक डिमांड ड्राफ्ट एवं एक आदेश चेक में भिन्नता बताइए।

10. Explain the importance of hypothecation. 2

भाराक्रांति (दृष्टिबन्धक) के महत्व को समझाइये।

11. Explain mortgage as a security. 2

प्रतिभूति के रूप में बन्धक को समझाइये।

12. For whom is a demand loan beneficial ? 2

किसके लिए मांग पर देय ऋण लाभकारी है ?

13. What two types of security can a farmer offer for harvesting the crop ? 2

फसल को काटने के लिए ऋण हेतु किन दो प्रकार की प्रतिभूतियों को एक किसान देने के लिए कह सकता है ?

14. A fish-rearer in a village wants Rs. 5,000 as a loan. Would you sanction this loan ? Give reasons. 2

एक गांव का मछली-पालक पांच हजार रुपयों का ऋण चाहता है। क्या आप यह ऋण स्वीकृत कर देंगे? कारण बताइए।

15. What is a Railway Receipt ? Give its two advantages as a security for a banker. 1+2=3

एक रेलवे रसीद क्या है ? एक बैंकर को प्रतिभूति के रूप में इसके दो लाभ बताइये।

16. "Agriculture sector is a priority loan sector." Name two other priority sectors. 2

''कृषि-क्षेत्र प्राथमिकता ऋण क्षेत्र है।'' दो अन्य प्राथमिकता क्षेत्रों के नाम लिखिए।

17. Write two advantages of a documentary bill. 2

प्रलेखीय बिल के दो लाभ लिखिए।

18. "A manager of a bank branch can sanction loan of Rs. 5,000 without any security." Do you agree this statement ? 2

''एक बैंक शाखा का मैनेजर पांच हजार रुपए का ऋण बिना प्रतिभूति के स्वीकृत कर सकता है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ?